**श्री राजेश कुमार, भा0प्र0से0, आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 26.03.2025 को आयोजित संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारियों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थिति :-पंजी के अनुसार**

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। तत्पश्चात जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में करते हुए निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा की गईः-

**1.वर्षा मापक यंत्रः-**

चारों जिलों के अपर समाहर्त्ता, आपदा, प्रबंधन, से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सभी प्रखंडों में सामान्य वर्षामापी यंत्र (ORG) सही एवं चालू स्थिति में है।

**2.संभावित संकटग्रस्त क्षेत्र एवं व्यक्तिसमूहों की पहचानः-**

समीक्षा के क्रम में प्रभारी उप समाहर्त्ता, आपदा, प्रबंधन शाखा, पूर्णिया द्वारा बताया गया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों में संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की अद्यतन पहचान कर ली गयी है। अपर समाहर्त्ता, (आपदा), कटिहार द्वारा बताया गया कि कटिहार जिला अंतर्गत अंचलों के संकटग्रस्त समूहों दिव्यांगजन, वृद्धजन, गर्भवती महिला एवं धातृ महिला की पहचान करने हेतु जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग (ADSS) कार्यालय को निदेशित किया गया है। प्रभारी उप समाहर्त्ता, आपदा, प्रबंधन शाखा, अररिया द्वारा बताया गया कि सभी संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान करते हुए उनकी सूची तैयार कर ली गई है। प्रभारी उप समाहर्त्ता, आपदा, प्रबंधन शाखा, किशनगंज द्वारा बताया गया कि सभी संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान करते हुए उनकी सूची तैयार कर ली गई है।

**3.तटबंधों की सुरक्षा-**

समीक्षा के क्रम बताया गया कि पूर्णिया जिला अंतर्गत बाढ़ अवधि के दौरान तटबंधों की सुरक्षा के लिए 50 गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी के द्वारा की जाएगी। प्रतिवेदन के अनुसार कटिहार जिला अंतर्गत तीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल कटिहार/काढ़ागोला/सालमारी है, जिसकी तटबंध की कुल लंबाई 278.51 कि0मी0 है, चयनित गार्ड द्वारा प्रत्येक 1 कि0मी0 के अंतराल में तथा तकनीकी पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक 10 कि0मी0 के अंतराल पेट्रोलिंग किया जाता है। किशनगंज जिला अंतर्गत दो तटबंध आते है। जिसकी कुल लंबाई-10.56 कि0मी0 है

**4.सूचना व्यवस्थाः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला द्वारा सभी अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर Communication Plan तैयार कर लिया गया है। कटिहार जिला अंतर्गत जिलास्तरीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक जल्द किया जायेगा। अररिया जिला द्वारा पंचायत स्तर से जिला स्तर तक सभी संबंधितों की विवरणी जिलास्तरीय Communication Plan में संधारित की जा रही है एवं किशनगंज जिला में जिला एवं प्रखंडस्तर पर Communication Plan अद्यतन किया जाता है।

**5.बाढ़ के दौरान नाव की व्यवस्था एवं उपलब्धताः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला अंतर्गत कुल उपलब्ध सरकारी परिचालन योग्य-30 एवं मरम्मति योग-16 है। कटिहार जिला अंतर्गत कुल सरकारी नाव 213 है। जिसमें 59 नाव को मरम्मति की आवश्यकता है। कुल पूर्णतः क्षतिग्रस्त 30 नाव है। अररिया जिला अंतर्गत कुल

399 नाव उपलब्ध है जिसमें से 321 नाव परिचालन योग्य है, 58 नाव मरम्मति योग्य है तथा 20 नाव पूर्णतः क्षतिग्रस्त है। किशनगंज जिला अंतर्गत कुल सरकारी नाव 17 है, जिसमें परिचालन योग्य 13 है एवं मरम्मति योग्य 04 है। निजी नाव की संख्या-25 है।

**6.चना सत्तू, चूड़ा, गुड़, नमक, खाद्य पदार्थ की व्यवस्थाः-**

समीक्षा के क्रम में पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज जिला के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि बाढ़ राहत सामग्रियों यथा चना, सत्तू, चूड़ा, गुड़, नमक आदि खाद्य पदार्थो के क्रय/भाड़े के दर निर्धारण एवं आपूर्तिकर्त्ता के चयन हेतु अल्पकालीन निविदा के प्रकाशन की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर ली जायेगी।

**7.पशुचारा एवं पशु दवा की व्यवस्थाः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिले में पशु राहत शिविरों की संख्या-36 है। बाढ़ 2025 के लिए सुखा चारा का दर निर्धारण हेतु निविदा की प्रकाशन की प्रक्रिया की जा रही है। कटिहार जिला अंतर्गत बाढ़ एवं सुखाड़ के दृष्टिगत पशुओं की चिकित्सा हेतु 20 मुख्य चिकित्सा केन्द की व्यवस्था की गई है। अररिया जिला अंतर्गत पशु चारा हेतु निविदा प्रकाशन प्रक्रियाधीन है। बताया गया की किशनगंज जिला अंतर्गत बाढ़/सुखाड़ की स्थिति में प्रभावति पशुओं की चिकित्सा हेतु पशु चिकित्सा दल एवं शिविर स्थल का चयन किया जायेगा।

**8.पॉलीथीन शीट्सः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में पॉलीथीन शीट्स का निविदा एवं Rate contract वित्तीय वर्ष 2024-25 में की गई है। जो वित्तीय वर्ष 2025-26 तक मान्य है। कटिहार जिला अंतर्गत सभी अंचलों में कुल 76216 पॉलीथीन शीट्स उपलब्ध है। अररिया जिला में कुल 45590 पॉलीथीन शीट्स उपलब्ध है। किशनगंज जिला में कुल 9820 पॉलीथीन शीट्स उपलब्ध है।

**9.बाढ़ आश्रय स्थल/शरण स्थलः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में बाढ़ आश्रय स्थल की संख्या 10 है। कटिहार जिला में संभावित बाढ़ 2025 को देखते हुए कुल 12 स्थाई बाढ़ आश्रय स्थल एवं 296 शरण स्थल चिह्नित किया गया है। अररिया जिला अंतर्गत कुल 14 बाढ़ आश्रय स्थल एवं 291 शरण स्थल चिह्नित किया गया है तथा किशनगंज जिला अंतर्गत कुल 08 बाढ़ आश्रय स्थल का निर्माण पूर्ण करा लिया गया है। एवं कुल शरण स्थलों की संख्या 221 चिह्नित किया गया है।

**10.सामुदायिक रसोईः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में चिह्नित सामुदायिक रसोई केन्द्र की संख्या 256 है। कटिहार जिला में चिह्नित सामुदायिक रसोई केन्द्र की संख्या 539 है। अररिया जिला में चिह्नित सामुदायिक रसोई केन्द्र की संख्या 313 है। किशनगंज जिला में चिह्नित सामुदायिक रसोई केन्द्र की संख्या 221 है।

**11.मानव दवा की व्यवस्थाः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला के सभी चिकित्सा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में जीवनरक्षक दवा के साथ-साथ बाढ़ से उत्पन्न महामारी से निपटने हेतु दवा उपलब्ध है। बताया गया कि कटिहार जिला में दवाओं के भंडारण हेतु जिला स्वास्थ्य समिति को निदेशित किया जायेगा। अररिया जिला में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है। किशनगंज जिला में जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बाढ़ से संबंधित दवा उपलब्ध है।

**12.मोबाईल मेडिकल टीम एवं मेडिकल कैम्पः-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में बाढ़ अवधि के दौरान चलंत दल-17 स्थाई दल-97, अस्थाई दल-34 कुल-148 मेडिकल टीम एवं मेडिकल कैम्प टीम का गठन किया गया है। बताया गया की कटिहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में मेडिकल टीम एवं मेडिकल कैम्प के गठन हेतु सभी संबंधितो को निदेशित किया जायेगा। अररिया जिला अंतर्गत कुल-41 मोबाईल मेडिकल टीम का गठन किया गया है। किशनगंज जिला में मोबाईल मेडिकल टीम एवं मेडिकल कैम्प का गठन कर लिया गया है।

13.**शुद्ध पेय जलः-**

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि पूर्णिया जिला में बाढ़ प्रभावित शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर ली गई है। जिसमें जैरीकेन-130 जलदूत-02 (अकार्यरत) अस्थायी चापाकल-120 एवं अस्थायी शौचालय-280 के निर्माण की पूर्व तैयारी पूरी कर ली गई है। कटिहार जिला अंतर्गत शुद्ध पेयजल की व्यवस्था से संबंधित सभी कार्य प्रक्रियाधीन है। अररिया जिला में कुल जैरीकेन-70, जल शुद्धिकरण संयत्र 03, जल में जीवाणु के परीक्षण हेतु 20000 H2S Vile, 175 अस्थाई चापाकल एवं 230 अस्थाई चापाकल की व्यवस्था की गई है। किशनगंज जिला अंतर्गत प्राप्त शरण स्थलों पर पूर्व से उपलब्ध चापाकलों एवं शौचालय का निरीक्षण कराकर वांछित स्थलों पर स्थित चापाकलों की मरम्मति एवं शौचालय का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

14.**जेनरेटर सेट/पेट्रोमैक्स/महाजालः-**

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि पूर्णिया जिला के सभी अंचलों के द्वारा जेनरेटरसेट/पेट्रोमेक्स/टेंट/खाली सीमेंटों की बोरियों इत्यादि की मानचित्रण का कार्य करने हेतु सभी अंचल अधिकारी को निदेशित किया गया है। कटिहार जिला के सभी अंचल में जेनरेटर सेट, पेट्रोमैक्स एवं अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वेंडर चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। कटिहार जिला अंतर्गत मनिहारी अंचल में 01 महाजाल है। जो पूर्णतः क्षतिग्रस्त है। अररिया जिला अंतर्गत कुल 05 महाजाल उपलब्ध है। किशनगंज जिला अंतर्गत जेनरेटर सेट, पेट्रोमैक्स एवं अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु निविदा के माध्यम से की जा रही है।

15. **सड़कों की मरम्मतिः-**

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि पूर्णिया जिला अंतर्गत धमदाहा, बायसी, पूर्णिया में क्रमशः 14 पथ, 17 पथ/03 पुल का एप्रोच पथ एवं 01 पथ जो पूर्व में क्षतिग्रस्त थे उन्हें वर्ष 2024 में मोटरेबुल बना दिया गया है। पुल/पुलिया के नीचे vent की सफाई करा ली जायेगी। ताकि बरसात के समय पानी का सुगम बहाव हो सके तथा बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मति हेतु संवेदकों का चयन पथ अंचल, पूर्णिया द्वारा ससमय कर ली जायेगी। बताया गया कि कटिहार जिला में सभी पुल पुलिया एवं पहुँच पथ की मरम्मति एवं पुल पुलिया के नीचे सभी vent की सफाई करा ली जायेगी। अररिया जिला अंतर्गत कटाव स्थलों की पहचान करते हुए मरम्मति कराई जा रही है। किशनगंज जिला अंतर्गत 62 क्षतिग्रस्त पथों को मोटरेबुल बना दिया गया है।

16. **गोताखोर/समुदाय का प्रशिक्षण**

पूर्णिया जिला में गोताखोर/समुदाय को प्रशिक्षण दिया गया है। कटिहार जिला में विभिन्न आपदों से निपटने हेतु 497 युवा एवं युवतियों को प्रशिक्षित किया गया है। अररिया जिला में कुल 16 प्रशिक्षित गोताखोर विभिन्न अंचलों में प्रतिनियुक्त है। किशनगंज जिला में कुल गोताखोर की संख्या-62 है, जो विभिन्न अंचलों में प्रतिनियुक्त है।

17. नाव/लाईफ जैकेट/मोटरबोट :-

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि पूर्णिया जिला में कुल 59 सरकारी नाव, 510 लाईफ जैकेट, 14 मोटरबोट उपलब्ध है। कटिहार जिला में 06 इन्फ्लेटेबल मोटरबोट उपलब्ध है। जिनमें परिचालन योग्य 03 है एवं मरम्मति योग्य 03 तीन है। अररिया जिला में कुल 195 कार्य योग्य एवं 41 क्षतिग्रस्त लाईफ जैकेट उपलबध है। किशनगंज जिला में सरकारी नाव की संख्या 17 है, जिसमें परिचालन योग्य 13 एवं मरम्मति योग्य 04 है। निजी नाव की संख्या 25 है, लाईफ जैकेट 54 उपलब्ध है।

18. आपातकालीन नियंत्रण कक्षः-

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि पूर्णिया में ससमय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर लिया जायेगा। कटिहार जिला में जिला स्तर पर जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र-सह-नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर ली गई है, जो नियमित रूप से चल रहा है। अररिया एवं किशनगंज जिला में जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र-सह-नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर ली गई है, जो नियमित रूप से चल रहा है

19. वैकल्पिक/आकस्मिक फसल योजनाः-

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि पूर्णिया एवं किशनगंज जिला में संभावित बाढ़ 2025 हेतु वैकल्पिक/आकस्मिक फसल योजना तैयार कर ली गयी है।

प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत निम्नांकित निदेश दिए गए-

1. चारों जिलों में पिछले बाढ़ वर्ष का सभी तरह के अनुदानों/अनुग्रह अनुदानों के भुगतान के लंबित मामलों का निष्पादन किया जाना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। पूर्णिया/कटिहार/अररिया /किशनगंज जिला में कटाव पीड़ित परिवारों को यथाशीघ्र पुनर्वासित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।
2. सभी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में ससमय सामुदायिक रसोई एवं उपयुक्त शरण स्थलों का चयन कर वहाँ पी0एच0ई0डी0 द्वारा स्वच्छ पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।
3. जिन स्थलों पर बार-बार कटाव होता है वहाँ न्यूनतम सुरक्षित दूरी का निर्धारण कर आर्थिक गतिविधि कम/बंद करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया।
4. प्रशिक्षित गोताखोरों की सूची मोबाईल/दूरभाष नं0 के साथ जिले के नियंत्रण कक्ष में संधारित करने एवं इसकी सूची पंचायत के जनप्रतिनिधियों के बीच उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
5. जनवितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन को संबंधित डीलर द्वारा बाढ़ आने की स्थिति में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वितरण नियमानुसार करवाने का निदेश दिया गया।
6. गठित मेडिकल टीमों को जीवन रक्षक दवाईयों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से दौरा करने का निदेश दिया गया साथ ही पशु चिकित्सकों को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर आवश्यकतानुसार दवाई का वितरण करने का निदेश दिया गया।
7. सर्प विषरोधी सूई, एंटी रेवीज टीका एवं ब्लिचिंग पाउडर सहित सभी जीवन रक्षक दवाएँ पर्याप्त मात्रा में भंडारण करते हुए हमेशा आपात स्थिति में तैयार रखने का निदेश दिया गया, साथ ही मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति निर्धारित समय पर कर लेने का निदेश दिया गया।
8. बिजली के क्षतिग्रस्त खंभो एवं तारों की मरम्मति करने, Covering करने के साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों/ पुलिया आदि की मरम्मति करने का निदेश गया।

9. चारों जिलों के जिला पदाधिकारियों को बाढ़ प्रवण जिले में पशु आश्रय स्थल के साथ-साथ पशुपालन विभाग से पशु-चारा की उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार भंडारण करने का निदेश दिया गया।
10. चारों जिला के समादेष्टा, एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 को अपने सभी टीमों को बाढ़ की स्थिति में अलर्ट मोड में रखने का निदेश चारों जिला पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 को नियमित रूप से अंचल/पंचायत स्तर पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर लगाने तथा Mock Exercise/Mock Drill कराने का निदेश दिया गया।
11. चारों जिला में टेन्ट पंडाल, खाद्य सामग्री, पॉलिथीन शीट्स एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकतानुसार व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।
12. चारों जिला में जल संसाधन विभाग से बाढ़ निरोधात्मक कार्य ससमय पूर्ण करा लेने का निदेश दिया गया।
13. पथ निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग को सभी पुल-पुलियों के सफाई का कार्य ससमय पूर्ण करा लेने का निदेश दिया गया।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 1583 पूर्णिया, दिनांक 02-04-25

प्रतिलिपिः- प्रभारी उप समाहर्त्ता, जिला आपदा प्रबंधन शाखा, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- अधीक्षण अभियंता, महानंदा बाढ़ नियंत्रण अंचल, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिलाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक- 1583 पूर्णिया, दिनांक 02-04-25

प्रतिलिपिः- प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः- अपर मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि- मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

01/4/25.
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।